दिन– शनिवार दिनांक– 27 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पटना समेत देश के आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विस्तार कार्य की आधारशिला रखेंगे।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने पटना में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। आज समस्तीपुर और अररिया में करेंगे बैठक।

03. डाक विभाग ने अंतर्देशीय स्पीड पोस्ट के अंतर्गत दस्तावेज शुल्क में संशोधन किया। नई दरें पहली अक्तूबर से होंगी प्रभावी।

04. और, बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आईआईटी पटना के तीसरे चरण के निर्माण कार्यों और विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री ओडिशा से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पटना समेत आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विस्तार की आधारशिला रखेंगे। मुख्य समारोह पटना के ऊर्जा भवन में आयोजित होगा। आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी.एन. सिंह ने बताया कि विस्तारीकरण योजना पर छह सौ चौवालीस करोड़ रूपये से अधिक खर्च होंगे। इसके तहत संस्थान में अत्याधुनिक अनुसंधान केन्द्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल पटना में बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि बैठक में चुनावी रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री ने पार्टी नेताओं को जीत के मंत्र दिये।

———बाईट———

श्री शाह आज समस्तीपुर में मिथिला के पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक बैठक करेंगे। इसके बाद वे अररिया में सीमांचल के नेताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। कल केन्द्रीय मंत्री ने बेतिया में चंपारण और सारण के तीन सौ से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव को

लेकर बैठक की। इस बैठक में गोपालगंज, सीवान, सारण, पूर्वी और पश्चिम चंपारण के भाजपा सांसद, विधायक और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

---

डाक विभाग ने अंतर्देशीय स्पीड पोस्ट के अंतर्गत दस्तावेज शुल्क में संशोधन किया है। संचार मंत्रालय ने कहा है कि संशोधित शुल्क पहली अक्तूबर से प्रभावी होगा। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

–––बाईट–––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं।

–––रिपोर्ट–––

---

शिक्षा मंत्रालय ने एन.सी.ई.आर.टी. को विभिन्न स्कूल शिक्षा बोर्डों द्वारा प्रदान किए जाने वाले दसवीं और बारहवीं कक्षा के प्रमाण–पत्रों को समतुल्यता प्रदान करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नई व्यवस्था केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों के प्रवेश और रोज़गार के उद्देश्य से लागू की गई है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इससे पहले यह जिम्मेदारी भारतीय विश्वविद्यालय संघ– ए.आई.यू. को सौंपी गई थी।

---

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। वे मुजफ्फरपुर के कटरा स्थित माँ चामुंडा मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत की सांस्कृतिक यात्रा जीवंत परंपराओं से जुड़ी और दुनिया के लिए खुली रही है। विदेशों से चुराई गई मूर्तियों और पवित्र अवशेषों को वापस लाने, लंबे समय से खोई हुई प्राचीन वस्तुओं को प्राप्त करने तक, यह सांस्कृतिक पुनरुत्थान और खोई हुई चीज़ों को वापस लाने की कहानी है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

राज्य में खाद की कालाबाजारी करने के आरोप में छप्पन प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं, दो सौ छिहत्तर दुकानों का लाईसेंस रद्द किया गया है। उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में छापेमारी दल लगातार कार्रवाई कर रहा है। श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य में उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

---

पटना एम्स में लिवर प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू हो गयी है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि गैस्ट्रो सर्जरी विभाग ने दिल्ली से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम की मदद से सफल लिवर ट्रांसप्लांट किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में ब्रेन डेड घोषित समस्तीपुर की एक वृद्ध महिला का लिवर पटना के पैंतीस वर्षीय युवक में प्रत्यारोपित किया गया। यह ऑपरेशन लगभग दस घंटे तक चला।

---

केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती में मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल और चलंत दस्ता सिपाही के चार हजार एक सौ बयासी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। ऑनलाईन आवेदन छह अक्टूबर से शुरू होकर पांच नवम्बर तक चलेगा। विस्तृत जानकारी पर्षद की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---

बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार राज्य के पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों के जिलों में कुछ स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

---

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज देवी दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि स्कंदमाता अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूरा करती है। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———म्यूजिक———

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बिहार राज्य आवास बोर्ड के उप राजस्व अधिकारी रितेश कुमार वर्मा को उनके पटना स्थित कार्यालय कक्ष से तीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वहीं, विशेष निगरानी इकाई ने पटना के बहादुरपुर थाने में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार को सात हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

---

पटना के कैमाशिकोह इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर हथियारों का जखीरा बरामद किया है। मौके से नौ लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने बताया कि पांच रायफल, दो पिस्तौल, तीन मैगजीन, उनतीस कारतूस और तीन खोखे बरामद हुये हैं।

---

समस्तीपुर रेल मंडल के सहरसा रेलवे स्टेशन से आगामी पांच दिसंबर को पहली बार भारत गौरव पर्यटन ट्रेन चलाई जाएगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि पर्यटक इस ट्रेन से दक्षिण भारत के साथ ही विभिन्न ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकेंगे।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरूआत होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– बिहार में रोजगार से महिलाओं का सम्मान बढ़ेगा। पचहत्तर लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये हस्तांतरित।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– महिलाएं संकल्प ले, बिहार अतीत के अंधकार में कभी नहीं लौटेगा– पीएम।

प्रभात खबर ने तेजस्वी प्रसाद यादव के हवाले से लिखा है– मेरी घोषणाओं के दबाव में दस हजार रूपये दे रही सरकार।

दैनिक भास्कर लिखता है– अमित शाह का नया मंत्र, ट्रिपल एम यानि महिला, मोदी और मंदिर।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– नीतीश ने दरभंगा को दी तीन हजार नौ सौ छिहत्तर करोड़ रूपये की सौगात।

आज अखबार लिखता है– तेज प्रताप ने बनायी नई पार्टी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पटना समेत देश के आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विस्तार कार्य की आधारशिला रखेंगे।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने पटना में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। आज समस्तीपुर और अररिया में करेंगे बैठक।

03. डाक विभाग ने अंतर्देशीय स्पीड पोस्ट के अंतर्गत दस्तावेज शुल्क में संशोधन किया। नई दरें पहली अक्तूबर से होंगी प्रभावी।

04. और, बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।